प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में करीब 3 हज़ार 7 सौ पदों को भरने की मंज़ूरी दी है। ये निर्णय आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। मंत्रिमंडल की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि ये भर्तियां अगले 6 महीने से एक वर्ष के भीतर कर ली जाएंगी। मंत्रिमंडल ने कर्मचारियों की हायर ग्रेड–पे को लेकर 6 सितंबर को जारी की गई अधिसूचना को निरस्त करने को भी मंज़ूरी दी है।

प्रदेश मंत्रिमंडल ने पहले चरण में सौ स्कूलों को सी.बी.एस.ई. में तबदील करने को भी स्वीकृति दी है। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के अनुसार प्रदेश के 28 आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों में डायलिसिस सुविधा शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज भरमौर सहित चंबा विधानसभा क्षेत्र के आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक की ये सबसे बड़ी त्रासदी हुई है और ज़िला चंबा में भारी नुकसान हुआ है। राज्यपाल ने संकट की इस घड़ी में समाज के सभी वर्गों से आपदा प्रभावितों की मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों की मदद के लिए सरकार अपने स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने आपदा की इस घड़ी में किसी भी तरह की राजनीति न करने की अपील की है।

दुर्घटना

शिमला ज़िले में कोटखाई क्षेत्र के खौला गांव में आज एक पिकअप के खाई में गिरने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक मृतक की पहचान खौला गांव निवासी जोगिन्द्र सिंह के रूप में हुई है जबकि 3 अन्य मृतक नेपाल के सल्यान ज़िले के निवासी हैं। घायलों का कोटखाई अस्पताल और आई.जी.एम.सी. शिमला में उपचार चल रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

अदालत

बहुचर्चित विमल नेगी मौत के मामले में गिरफ्तार किए गए ए.एस.आई. पंकज शर्मा को आज सी.बी.आई. की शिमला ज़िला अदालत में पेश किया गया। अदालत ने पंकज शर्मा को एक दिन के रिमांड पर भेजा है और उन्हें कल 3 बजे फिर से सी.बी.आई. कोर्ट में पेश किया जाएगा। पंकज शर्मा पर विमल नेगी मौत मामले में सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप है।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महासचिव डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि जी.एस.टी. सुधार को लेकर भाजपा 15 अक्तूबर तक राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्तरों पर प्रेस वार्ताएं, संगोष्ठियां और बुद्धिजीवि सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा पंचायत स्तर से लेकर नगर निगम तक जी.एस.टी. सुधार को लेकर केंद्र सरकार के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया जाएगा। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर ज़िले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने नुकसान का आकलन कर प्रशासन द्वारा उठाए गए राहत उपायों की समीक्षा की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों की सरकारें आपदा प्रभावित

हिमाचल की हरसंभव मदद कर रही है। इस बीच उन्होंने हमीरपुर में छिंज कमेटियों के सम्मान समारोह में भी शिरकत की।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज नाहन विधानसभा क्षेत्र के धारटी इलाके में कई स्थानों पर जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने इन क्षेत्रों में भारी वर्षा से हुए नुकसान का भी जायज़ा लिया। उन्होंने इस क्षेत्र में बरसात के कारण नष्ट हुई फसलों पर भी चिंता जताई। राजीव बिंदल ने कहा कि धारटी क्षेत्र में ग्रामीण सड़कें काफी समय से बंद पड़ी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से बंद पड़ी सड़कों को जल्द बहाल करने का आग्रह किया है।

———————————————————————